# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: ce@shekhauni.ac.in

क्रमांकः– 12092 दिनांकः– 18/02/2026

## मुख्य परीक्षा 2026 (Annual Scheme) के परीक्षा आवेदन–पत्र भरवाने सम्बंधी विज्ञप्ति (स्नातक एवं स्नातकोत्तर)

सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरांत विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार में अवस्थित झुन्झुनू एवं सीकर जिले के महाविद्यालयों के निम्नांकित पाठ्यक्रमों में वार्षिक पद्धति के तहत अध्ययनरत नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्व परीक्षार्थियों के मुख्य परीक्षा–2026 के परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि निम्नानुसार हैः–

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | बिना विलम्ब शुल्क तिथि | 100 रू. विलम्ब शुल्क सहित तिथि | दोगुना (Double) विलम्ब शुल्क सहित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम (पास कोर्स), बी.सी.ए. एवं बी.बी.ए. (पार्ट–III) वार्षिक पद्धति नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्व छात्र। | 19.02.2026 से 28.02.2026 तक | 01.03.2026 से 02.03.2026 तक | 03.03.2026 से 05.03.2026 तक |
| 2. | समस्त स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्ध) वार्षिक पद्धति नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी | 19.02.2026 से 28.02.2026 तक | 01.03.2026 से 02.03.2026 तक | 03.03.2026 से 05.03.2026 तक |

विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** का अवलोकन करें।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक 12093-097

दिनांक : 18/02/2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, कुलगुरू, पं. दी. द. उ. शे. विवि., सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पं. दी. द. उ. शे. विवि., सीकर।
3. उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव (परीक्षा), पं. दी. द. उ. शे. विवि., सीकर।
4. प्रभारी वेबसाईट, विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. संबंधित फर्म।
6. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक

## सामान्य निर्देश

परीक्षा हेतु आवेदन करने वाले समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे ऑनलाईन/फॉर्म भरते समय फॉर्म में दी गई प्रत्येक सूचना को भली–भांति पढ़कर उसमें सही सूचनायें ही अंकित करें/करायें। ई–मित्र पर फॉर्म भरवाते समय भी परीक्षार्थी का सम्पूर्ण सही विवरण व सही प्रश्न पत्र भरा जाना सुनिश्चित कर ही सबमिट करें। आपके द्वारा भरी गई सूचनायें ही आपको मिलने वाली डिग्री/अंक तालिका में प्रदर्शित होगी।

1. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन पत्र में विनिर्दिष्ट ई–मित्र/ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन कर सावधानी पूर्वक भरें। निर्धारित शुल्क जमा होने के पश्चात तीन प्रतियों में आवेदन पत्र प्रिंट कर दो प्रति (महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय कॉपी) समस्त दस्तावेजों के साथ निर्धारित अवधि में संबंधित महाविद्यालय में जमा करावें। आवेदन पत्र की स्टूडेंट प्रति अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से अपने पास सुरक्षित रखें।
   **परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं हो पायेगा।**
2. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना आधार कार्ड नम्बर दर्ज करना अनिवार्य है।
3. महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया हेतु दिशा निर्देशों का अवलोकन करें।
4. परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा फार्म जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा फार्म ही स्वीकार होंगे।
5. स्वयंपाठी परीक्षार्थी जिनके परीक्षा में प्रायोगिक विषय हैं, वे परीक्षा फॉर्म जमा करवाते समय विशेष ध्यान देवें कि:–
   - जिस महाविद्यालय में अपने प्रायोगिक विषयों का अभ्यास–शिक्षण कार्य करना चाहते हैं या प्रशिक्षण किया है, उसी महाविद्यालय में ही अपना परीक्षा फार्म जमा करवायें।
   - परीक्षा फॉर्म के साथ प्रायोगिक विषय का अभ्यास–शिक्षण शुल्क भी आवश्यक रूप से परीक्षा आवेदन पत्र को महाविद्यालय में देते समय ही जमा करवा देवें।
   - प्रायोगिक विषयों के अभ्यास–शिक्षण शुल्क जमा कराने हेतु अलग से कोई अवसर नहीं दिया जायेगा।
   - प्रायोगिक विषय का अभ्यास–शिक्षण शुल्क जमा नहीं करवाने वाले परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी।
6. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा निर्देश विश्वविद्यालय वेबसाईटः www.shekhauni.ac.in पर उपलब्ध है। परीक्षा संबंधी कतिपय नियमों के लिए परिशिष्ठ ''अ'' देखें।
   नोटः– परीक्षा फॉर्म भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर 7398532208, 8960032208 पर सम्पर्क कर सकते हैं तथा गेटवे पेमेन्ट हेतु ICICI Bank हेल्पलाईन नम्बर 9137483284 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक

दिनांकः 18/02/26

क्रमांकः–प.1 ( ) परीक्षा/2025–26/ 12092

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, कुलगुरू, पं. दी. द. उ. शे. विवि., सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पं. दी. द. उ. शे. विवि., सीकर।
3. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा), पं. दी. द. उ. शे. विवि., सीकर।
4. प्रभारी वेबसाईट, विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. संबंधित फर्म।
6. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक

# परिशिष्ठ–अ

## मुख्य परीक्षा 2026 (Annual Scheme) के लिए ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरवाने सम्बन्धी महाविद्यालय एवं परीक्षार्थियों को दिशा–निर्देश

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) के तहत सेमेस्टर पद्धति लागू होने के कारण, 'वार्षिक पद्धति' के विद्यार्थियों को अपनी डिग्री पूर्ण करने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अंतिम अवसर (One Time Mercy Chance) प्रदान किया गया है। यह अवसर निम्नलिखित श्रेणियों और शर्तों के अधीन देय होगा:–

1. **पात्रता एवं श्रेणी** (Eligibility Criteria)
   - (i) स्नातकोत्तर (PG):– सत्र 2017 एवं उसके पश्चात के वे विद्यार्थी जिन्होंने स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की परीक्षा दी थी, किंतु किन्हीं बकाया (Due) प्रश्न पत्रों के कारण डिग्री पूर्ण नहीं कर पाए।
   - (ii) स्नातक (UG):– सत्र 2018 एवं उसके पश्चात के वे विद्यार्थी जिन्होंने स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा दी थी, किंतु किन्हीं बकाया (Due) प्रश्न पत्रों के कारण डिग्री पूर्ण नहीं कर पाए।
   - (iii) **वार्षिक पद्धति (2023 बैच) के वे विद्यार्थी जिन्होंने सत्र 2023 में 'वार्षिक परीक्षा पद्धति' के अंतर्गत प्रथम वर्ष की परीक्षा दी थी और जिनकी डिग्री नियमानुसार 2027 में पूर्ण होनी है, वे अपने बकाया (Due) प्रश्न पत्रों हेतु आवेदन कर सकते हैं।**
2. **अनिवार्य दिशा–निर्देश (गहन अध्ययन आधारित)**:–
   - (i) पाठ्यक्रम (Syllabus):– परीक्षा पुरानी वार्षिक पद्धति (Annual Scheme) के उस नवीनतम प्रभावी पाठ्यक्रम पर आधारित होगी जो संबंधित कक्षा की अंतिम वार्षिक परीक्षा हेतु लागू था। परीक्षार्थी वर्तमान 'सेमेस्टर पद्धति' के पाठ्यक्रम का अनुसरण न करें।
   - (ii) ऑर्डिनेंस का अनुपालनः–यह विशेष अवसर राजस्थान विश्वविद्यालय के हैंडबुक ऑफ यूनिवर्सिटी ऑर्डिनेंस के अधीन है। किसी भी स्थिति में विश्वविद्यालय के मूल नियमों (अधिकतम समयावधि एवं पात्रता) का उल्लंघन होने पर आवेदन निरस्त माना जाएगा।
   - (iii) अंतिम अवसरः–वार्षिक पद्धति के विद्यार्थियों के लिए यह अंतिम परीक्षा अवसर है। इसके उपरांत वार्षिक पद्धति के बकाया प्रश्न पत्रों हेतु पुनः परीक्षा आयोजित करने का कोई प्रावधान नहीं होगा।
   - (iv) एकल अवसरः–परीक्षार्थी केवल एक मुख्य परीक्षा के माध्यम से अपने बकाया प्रश्न पत्रों को उत्तीर्ण कर डिग्री पूर्ण करने के पात्र होंगे। अंक सुधार (Improvement) हेतु यह अवसर देय नहीं है।
3. **आवेदन एवं शुल्क विवरणः**–
   - (i) ऑनलाइन आवेदनः– इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध पोर्टल के माध्यम से आवेदन करें।
   - (ii) दस्तावेज़ः– आवेदन के साथ पूर्व वर्षों की सभी अंकतालिकाओं (Marksheets) की प्रतियां संलग्न/अपलोड करना अनिवार्य है।
4. नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का निर्धारित परीक्षा शुल्क ई–मित्र/ ICICI Payment Gateway System के माध्यम से अदा करना होगा। परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा फॉर्म की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:–
   - (i) छात्र सर्वप्रथम वेबसाईटः www.shekhauni.ac.in पर विजिट कर अपनी कक्षा से संबंधित पंजीकरण करवाकर ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरेंगे।
   - (ii) निर्धारित शुल्क के चालान का प्रिन्ट लेकर ई–मित्र या ICICI Payment Gateway System पर लॉगईन कर चालान नंबर और टोकन नंबर अंकित कर अपनी परीक्षा फार्म की तीन प्रतियां प्रिंट करें। (एक प्रति महाविद्यालय, एक प्रति विश्वविद्यालय एवं एक प्रति स्वयं परीक्षार्थी)
   - (iii) परीक्षा आवेदन पत्र में मुद्रित सभी सूचनाऐं सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढ़ें।
   - (iv) परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से होगी। **परीक्षा शुल्क के भुगतान होने की सूचना मिलने पर भुगतान का अपडेट**

सुनिश्चित किये जाने पर (Payment Verify) ही पुनः भुगतान 24 घंटे पश्चात् ही किया जावे। विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापिस (Refund) नहीं होगा। यदि Payment Success के उपरान्त भी यदि आवेदक जानबूझकर एक से अधिक परीक्षा आवेदन के लिए भुगतान किया जाता है तो समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी तथा विश्वविद्यालय में जमा अतिरिक्त परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा। संबंधित ई–मित्र/सी.एस.सी. कियोस्क भी यह सुनिश्चित कर लें। विश्वविद्यालय परीक्षा, 2026 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा शुल्क निम्नानुसार हैः–

**I. FEE PAYABLE FOR UG & PG COURSES EXAM – 2025-26**

| S.No. | Name of Exam | Regular | Ex.-Student | Non-Collegiate |
|---|---|---|---|---|
| 1. | B.A./B.Sc./B.Com. Pt-III | 1540/- | 1760/- | 2540/- |
| 2. | B.C.A./B.B.A. Pt-III | 1820/- | 2060/- | - |
| 3. | B.A./B.Sc./B.Com. Pt-III (with due paper of Pt.-II) | 2090/- | 2310/- | 3090/- |
| 4. | B.C.A./B.B.A. Pt-III (with due paper of Pt.-II) | 2370/- | 2610/- | -- |
| 5. | B.A./B.Sc./B.Com. Pt-III (with due paper of Pt.-I & Pt.-II) | 2640/- | 2860/- | 3640/- |
| 6. | B.C.A./B.B.A. Pt-III (with due paper of Pt.-I & Pt.-II) | 2920/- | 3160/- | -- |
| 7. | Fees for physically challenged student (for above all categories) (if already Enrolled) | 500/- | 600/- | 1100/- |
| 8. | M.A./M.Sc./M.Com. (Final)<br>with due paper of Prev. | 1940/-<br>2470/- | 2140/-<br>2670/- | 3280/-<br>4540/- |

नोट :–

i. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क में छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि मेडिकल ऑफिसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

ii. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त संबंधित महाविद्यालय द्वारा अन्य कोई शुल्क परीक्षार्थियों से नहीं लिया जावे।

5. **विश्वविद्यालय परीक्षा–2017 से 2025 में प्रविष्ठ हो चुके छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र पिछली कक्षा के रोल नंबर से ही भरे जा सकेंगे।**

6. परीक्षा फार्म जमा करवाने की व्यवस्था निम्न प्रकार हैः–

a. नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थीः–

i. तीन प्रतियों में परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी का प्रिन्ट लेकर तथा ई–मित्र/ ICICI Payment Gateway System पर जमा शुल्क की रसीद की मूल प्रति को परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी की दो प्रतियों के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों से शुल्क जमा करवाने की तिथि से अगले तीन कार्यदिवस तक उन महाविद्यालयों में जमा करायेंगे जिनमें उनका नियमित प्रवेश था। एक प्रति परीक्षार्थी स्वयं के पास अवश्य रखें।

ii. महाविद्यालय परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय को प्रेषित करने से पूर्व परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा फार्म में अंकित किये गये विषयों की गहन जांच कर उनके परीक्षा फार्म पर अंकित फार्म नंबर से उन्हें वेबसाईटः www.shekhauni.ac.in पर अपने लॉगिन आईडी (कॉलेज कोड) एवं पासवर्ड से

विजिट कर वेरीफाई बटन दबाकर दर्ज करेंगे। कक्षा एवं संकायवार परीक्षार्थियों की सूची का दो प्रतियों में प्रिंट लेकर परीक्षा फार्मों की हार्ड कॉपी मय दस्तावेज के सूची के क्रमानुसार संलग्न कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।

iii. नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी जिनके परीक्षा में प्रायोगिक विषय हैं, वे परीक्षा फॉर्म जमा करवाते समय विशेष ध्यान देवें कि:–

- जिस महाविद्यालय में अपने प्रायोगिक विषयों का अभ्यास–शिक्षण कार्य करना चाहते हैं या प्रशिक्षण किया है, उसी महाविद्यालय में ही अपना परीक्षा फार्म जमा करवायें।
- परीक्षा फॉर्म के साथ प्रायोगिक विषय का अभ्यास–शिक्षण शुल्क भी आवश्यक रूप से परीक्षा आवेदन पत्र को महाविद्यालय में देते समय ही जमा करवा देवें।
- प्रायोगिक विषयों के अभ्यास–शिक्षण शुल्क जमा कराने हेतु अलग से कोई अवसर नहीं दिया जायेगा।
- प्रायोगिक विषयों का अभ्यास–शिक्षण शुल्क जमा नहीं करवाने वाले परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी।
- परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म को सावधानी पूर्वक भरें। फॉर्म में नाम अथवा पिता के नाम में किसी भी प्रकार का संशोधन करने के लिए परीक्षार्थी को फॉर्म भरने की अन्तिम तिथि से 03 कार्य दिवसों में रू. 100/– प्रति आवेदन पत्र शुल्क के रूप में विश्वविद्यालय में जमा करवाना होगा।
- परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र आवंटित करने संबंधित सूचना उनके परीक्षा प्रवेश–पत्र में उपलब्ध करायी जायेगी।

iv. नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा के लिए प्रशिक्षण देने हेतु अधिकृत महाविद्यालय ही प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क का संग्रहण करेंगे। इन महाविद्यालयों की सूची निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र का नाम | विषय | क्षेत्राधिकार |
|---|---|---|---|
| 1. | (192) श्री आर.आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनू। | स्नातक एवं स्नातकोत्तर विज्ञान के सभी विषय एवं भूगोल | झुन्झुनू जिले के परीक्षार्थी |
| 2. | (210) राजकीय महाविद्यालय, खेतड़ी। | स्नातक एवं स्नातकोत्तर – गृह विज्ञान | झुन्झुनू जिले के परीक्षार्थी |
| | | स्नातक एवं स्नातकोत्तर – मनोविज्ञान | झुन्झुनू एवं सीकर जिले के परीक्षार्थी |
| 3. | (359)राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, सीकर। | स्नातक एवं स्नातकोत्तर विज्ञान के सभी विषय | सीकर जिले के परीक्षार्थी |
| 4. | (343)राजकीय कला महाविद्यालय, सीकर। | स्नातक एवं स्नातकोत्तर – भूगोल | सीकर जिले के परीक्षार्थी |
| 5. | (336) कमला मोदी राजकीय कन्या महाविद्यालय, नीमकाथाना। | स्नातक एवं स्नातकोत्तर – गृह विज्ञान | सीकर जिले के परीक्षार्थी |
| 6. | (192) श्री आर.आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनू। | स्नातक – ABST | झुन्झुनू जिले के परीक्षार्थी |
| 7. | (320) राजकीय वाणिज्य, महाविद्यालय, सीकर। | स्नातक – ABST | सीकर जिले के परीक्षार्थी |

उक्त के अलावा विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए अन्य संग्रहण केन्द्र (महाविद्यालय) नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्रों का ही संग्रहण करेंगे।

v. **नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी:–**परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी उसी महाविद्यालय में जमा करवायेंगे, जिस महाविद्यालय से वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण हुये थे, परन्तु ऐसे महाविद्यालय जो बंद हो चुके हैं उनके परीक्षार्थी निकटवर्ती राजकीय महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन जमा करवा सकेंगे। संबंधित राजकीय महाविद्यालय ऐसे छात्रों की पृथक से सूची तैयार कर परीक्षा आवेदन पत्र के साथ विश्वविद्यालय में जमा करावें।

vi. **महाविद्यालय द्वारा वेबसाईट पर पंजीयन तथा परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर विश्वविद्यालय में अग्रेषित करने की प्रक्रिया:–**संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्रों को कक्षावार व्यवस्थित कर निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय लॉगिन आई.डी. से वेरिफाई करके विश्वविद्यालय में जमा करवायेंगे। ऑनलाईन गेटवे/ई–मित्र/ICICI Payment Gateway System के माध्यम से जमा शुल्क के साथ प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी को कक्षा एवं श्रेणीवार उसी वेबसाईट के कॉलेज पोर्टल पर प्रत्येक छात्र के परीक्षा आवेदन पत्र को वेरिफाई करें।

vii. संबंधित कक्षा के सभी परीक्षा आवेदन पत्रों को वेरिफाई करने के पश्चात् प्रिन्ट ऑप्शन पर जाकर Nomianl Roll का प्रिन्ट लें। तत्पश्चात् Nomianl Roll लिस्ट के क्रमानुसार ही संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्रों को व्यवस्थित कर Nomianl Roll लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय में जमा करवायें।
**नोट:– उक्त प्रक्रिया के अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

viii. विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा एक वर्ष में आयोजित होने वाली दो मुख्य परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकता। अगर परीक्षार्थी ऐसा करता है तो स्वयं उत्तरदायी होगा ।

ix. परीक्षार्थी किसी बकाया विषय को एक से अधिक बार में उत्तीर्ण करता है तो स्नातक पार्ट–3 में श्रेणी निर्धारण हेतु उस बकाया विषय के न्यूनतम अंक जोड़े जायेंगे।

x. **ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर प्रेषित दिशा–निर्देशों, विश्वविद्यालय के परीक्षा सम्बन्धी नियम/अध्यादेश एवं उपरोक्त बिन्दुओं की पालना सुनिश्चित करें।**

xi. संबंधित परीक्षार्थियों एवं महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी कक्षा एवं संकायवार नजदीकी महाविद्यालय का चयन कर ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरकर उसी महाविद्यालय में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा करवायें।

**नोट:–** परीक्षा केन्द्र का निर्धारण विश्वविद्यालय द्वारा बाद में निर्धारित होगा। किसी जगह स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने पर नजदीकी अन्य महाविद्यालयों में उपलब्ध संख्या के अनुसार परीक्षा केन्द्र आवंटित होगा जिसकी सूचना परीक्षा प्रवेश पत्र पर अंकित होगी।

**विशेष निर्देश:–** आवेदन पत्र में अंकित मोबाइल नम्बर सक्रिय एवं Updated होने चाहिए ताकि परीक्षा से संबंधित तात्कालिक, प्रासंगिक एवं समयबद्ध सूचनायें परीक्षार्थी को बिना किसी विलम्ब के प्राप्त हो सकें।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक:– 12093 – 97

दिनांक:– 18/02/26

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, कुलगुरू, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
3. वित्त नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।

4. प्राचार्य, समस्त शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि संबंधित परीक्षार्थियों को अपने स्तर पर सूचित करने का श्रम करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को प्रमुख समाचार पत्रों में समाचार के रूप में प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
6. प्रभारी वेबसाईट, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने बाबत्।
7. संबंधित तकनीकी फर्म को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित दिनांक तक परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करावें।
8. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक